प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

06.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने घरेलू काम करने वाली महिलाओं को इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख–सम्मान निधि योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है। ये फैसला प्रदेश मंत्रिमंडल की आज शिमला में लगातार दूसरे दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। फैसले के अनुसार जिन महिलाओं ने घरेलू सहायिका के रूप में न्यूनतम सौ दिन कार्य किया है, वह इस योजना के तहत लाभ पाने की पात्र होंगी। इसके अलावा इन महिलाओं की 21 वर्ष या इससे अधिक आयु की बेटियां भी इस योजना के तहत पात्र होंगी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि मंत्रिमंडल ने प्राकृतिक पद्धति से उगाई गई गेहूं, मक्की और जौ के समर्थन मूल्य में वृद्धि की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल ने राज्य की जेलों में बंद कैदियों को उनके व्यवहार के अनुसार समय से पहले प्रोबेशन पर रिहा करने और राज्य की नई होम स्टे नीति को भी मंजूरी दी। मंत्रिमंडल ने 14 आई.टी.आई. को अन्य आई.टी.आई में विलय करने, सड़क किनारे स्थित मकानों की बेसमैंट को पार्किंग के लिए खोलने और निजी ऑपरेटरों को 4 सौ 22 स्टेज कैरियर रूट आबंटित करने को भी मंजूरी दी।

गृह मंत्रालय–नागरिक सुरक्षा

गृह मंत्रालय ने राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से सुरक्षा तैयारियों के मूल्यांकन के लिए कल 7 मई को मॉकड्रिल करवाने को कहा है। देश के 2 सौ 44 वर्गीकृत जिलों में ग्राम स्तर तक यह सुरक्षा अभ्यास कराने का फैसला लिया गया है। सुरक्षा अभ्यास का मुख्य उद्देश्य विभिन्न नागरिक सुरक्षा उपायों की संचालनगत प्रभावकारिता और समन्वय क्षमता का आकलन और परीक्षण करना है। हिमाचल में शिमला शहर को इस मॉकड्रिल के लिए चुना गया हैं, जहां शाम 4 बजे इस मॉकड्रिल का आयोजन होगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा ने कहा कि इस दौरान लोगों को युद्ध जैसी स्थिति में बचाव के तरीके बताए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से प्रदेश के सभी 12 ज़िलों में मॉकड्रिल आयोजित करवाने का आग्रह किया है, क्योंकि राज्य के कई ज़िले संवेदनशील हैं। इस बीच राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार ने प्रदेशवासियों खासकर शिमला ज़िला के लोगों से इस मॉकड्रिल में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आग्रह किया है।

अग्निकांड

सोलन ज़िला के रामशहर में आज दोपहर बाद तारपीन तेल की एक फैक्ट्री में हुए भीष्ण अग्निकांड में 2 मज़दूरों की जलकर मौत हो गई। इस घटना में करोड़ों रूपये का नुकसान आंका गया है। अग्निकांड के कारणों का पता नहीं चल पाया है। अग्निकांड की सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग के फायर टैंडर तुरंत ही मौके पर पहुंच गए और आग को काबू करने का प्रयास किया।

मौसम

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने आज प्रदेश के 5 ज़िलों में अंधड़ चलने, ओलावृष्टि और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमानों में कहा गया है कि प्रदेश में आगामी 10 मई तक मौसम के तेवर बिगड़े रहेंगे। विभाग ने इस दौरान राज्य में अलग–अलग स्थानों पर अंधड़ चलने, ओलावृष्टि और आंधी–तूफान का यलो अलर्ट भी जारी किया है।

..........